मेरे आगे आगे मेरा गोरखनाथ है | By Varsha Shrivastava

झूठा जग का नाता सच्चा तेरा साथ है
तू है साथ मेरे तो डरने की क्या बात है
मेरे आगे आगे मेरा गोरखनाथ है

जो मठ में आता है तेरे शान्ति पाता है
चरण को छू कर पापों से छूट वो जाता है
बाबा को शत शत मेरा प्रणिपात है
तू है साथ मेरे तो डरने की क्या बात है
मेरे आगे आगे मेरा गोरखनाथ है

सुध लेने अब दास की अपने देर ना हो जाए
लगन मेरी ना टूटे भक्ति ढेर ना हो जाए
निर्बल झुका रहा तेरे दर पे मेरा माथ है
तू है साथ मेरे तो डरने की क्या बात है
मेरे आगे आगे मेरा गोरखनाथ है

करुणा सागर तुम ही तो हो कृपा के आकाश
दो वरदान अटल तुम में हो सदा मेरा विश्वास
बाबा तेरे वश में रात्रि और प्रभात है
तू है साथ मेरे तो डरने की क्या बात है
मेरे आगे आगे मेरा गोरखनाथ है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%97%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%b0%e0%a4%96%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a5/